*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

# हिंदी विश्वविद्यालय में वित्ताधिकारी संजय गवई को दी विदाई
## नवनियुक्त कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र का किया स्वागत

वर्धा दि. 3 अगस्त 2015: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में पिछले चार वर्षों से वित्ताधिकारी के रूप में कार्यरत संजय भास्कर गवई को शुक्रवार को औपचारिक विदाई दी गयी। साथ ही कुलसचिव के रूप में नियुक्त डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र का स्वागत किया गया। फेकल्टी एण्ड ऑफीसर्स क्लब द्वारा नागार्जुन सराय के प्रांगण में आयोजित समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। समारोह में प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र, वित्ताधिकारी संजय गवई एवं कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र मंचासीन थे। कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र द्वारा वित्ताधिकारी गवई को शॉल, स्मृतिचिन्ह तथा पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका सम्मान किया गया तथा कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद का स्वागत संजय गवई ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया।



कार्यक्रम में विश्वविद्यालय में पिछले चार वर्षों के अनुभवों को याद करते हुए वित्ताधिकारी संजय गवई ने कहा कि विश्वविद्यालय के पूर्व एवं वर्तमान कुलपति ने जो विश्वास मुझ पर ड़ाला था उस पर खरा उतरने की भरपूर कोशिश मैंने की। यहां के सभी शिक्षक साथी एवं प्रशासनिक कर्मियों से पूरा-पूरा सहयोग मिला, यह मेरे लिए बड़ी पूंजी है। मैं आगे भी विश्वविद्यालय से एक परिवार की भांति जुड़ा रहूंगा। अध्यक्षीय वक्तव्य में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने वित्ताधिकारी के बारे में कहा कि वह एक कर्मठ, जिम्मेदार एवं कार्यतत्पर अधिकारी हैं। उनके साथ संतोष भरा अनुभव रहा है।



विश्वविद्यालय के आर्थिक गतिविधियों में अनुशासन लाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कार्यक्रम में प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र, वरिष्ठ प्रोफेसर मनोज कुमार, प्रो. देवराज, प्रो. अरबिंद कुमार झा, डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी आदि ने वित्ताधिकारी के साथ आएं अनुभवों को सांझा किया। कार्यक्रम का संचालन फेकल्टी एण्ड ऑफीसर्स क्लब की सचिव सुप्रिया पाठक ने किया तथा आभार सहायक कुलसचिव डॉ. राजेश्वर सिंह ने माना। इस अवसर पर अध्यापक, अधिकारी एवं क्लब के सदस्य प्रमुखता से उपस्थित थे।



**हिंदी विश्वविद्यालयात वित्ताधिकारी संजय गवई यांना निरोप**

**नवे कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र यांचे स्वागत**

वर्धा दि. 3 ऑगस्ट 2015: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात गेल्या चार वर्षांपासून वित्त अधिकारी म्हणून कार्यरत संजय भास्कर गवई यांना शुक्रवारी औपचारिक निरोप देण्यात आला. सोबतच नवनियुक्त कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र यांचे स्वागत करण्यात आले. फॅकल्टी अँड ऑफीसर्स क्लब द्वारा नागार्जुन सरायच्या प्रांगणात आयोजित कार्यक्रमाच्या अध्यक्षस्थानी कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र होते. यावेळी प्रकुलगुरु प्रो. चित्तरंजन मिश्र, वित्ताधिकारी संजय गवई आणि कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र मंचावर उपस्थित होते. कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र द्वारा वित्त अधिकारी संजय गवई यांचा शाल, स्मृतिचिन्ह आणि पुष्पगुच्छ देवून सन्मान करण्यात आला तर कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र यांचे पुष्पगुच्छ देवून स्वागत करण्यात आले.

यावेळी संजय गवई यांनी गेल्या चार वर्षांत आलेले अनुभव व्यक्त केले. ते म्हणाले की आधीचे आणि वर्तमान कुलगुरू यांनी माझ्यावर जी जबाबदारी सोपविली होती ती पूर्णपणे पार पाडण्यात मला येथील अध्यापक आणि प्रशासकीय कर्मचा-यांचे मोलाचे सहकार्य लाभले. अध्यक्षीय भाषणात प्रो. गिरीश्वर मिश्र म्हणाले गवई एक कर्मठ, जबाबदार आणि कार्यतत्पर अधिकारी म्हणून विश्वविद्यालयाला नेहमी स्मरणात राहतील. त्यांनी आर्थिक कामकाजात शिस्त लावण्याचे महत्वाचे काम केले. यावेळी प्रो. चित्तरंजन मिश्र, वरिष्ठ प्रोफेसर मनोज कुमार, प्रो. देवराज, प्रो. अरविंद कुमार झा, डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी यांनीही गवई यांच्याबरोबर आलेले अनुभव व्यक्त केले. कार्यक्रमाचे संचालन फॅकल्टी अँड ऑफीसर्स क्लबच्या सचिव सुप्रिया पाठक यांनी केले तर आभार सहायक कुलसचिव डॉ. राजेश्वर सिंग यांनी मानले. यावेळी अधिकारी, अध्यापक आणि क्लबचे सदस्य उपस्थित होते.